सभापति खालिद हुसैन ने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया

माई झुं. 7 दिसम्बर। नवनिर्वाचित नगरपरिषद सभापति खालिद हुसैन ने सोमवार को शहर का पैदल मार्च करके सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार हुसैन ने नेहरू मार्केट, गांधी चौक, सब्जी मण्डी आदि मुख्य मार्केटों व रास्तों में नगरपरिषद आयुक्त रामसिंह पालावत के साथ भ्रमण किया। पैदल मार्च के दौरान ही सभापति हुसैन ने स्वच्छता निरीक्षक, सफाई जमादारों एवं ठेकेदारों को सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। हुसैन ने विशेष रूप से सब्जी मण्डी में नियमीत रूप से सफाई पर ध्यान देने की हिदायत दी। भ्रमण के दौरान सभापति द्वारा इस क्षेत्र के नागरिकों से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं के बारे में चर्चा की। भ्रमण के दौरान पार्षद चन्द्रभान शर्मा, खुर्शिद हुसैन आदि साथ थे।

अग्रवाल समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन सम्पन्न

माई झुं. 7 दिसम्बर। अग्रवाल समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन रविवार को अग्रसेन भवन में वरिष्ठ पत्रकार श्याम सुंदर पौद्दार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें पांच युवकों के बायोडाटाओं का पंजीकरण किया गया। परिचय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए वैश्य महासम्मेलन के साथ मिलकर प्रयास करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर सरेश कुमार मलसीसर, नन्द किशौर अग्रवाल पचलंगी, नरेश मोदी चिडावा, वीरेद्र शाह, विकास खिरोड़ वाले, रमेश गोयल, भगवान दत्त चौधरी,गोपीराम गोयनका, बनवारी लाल पंसारी, ओमप्रकाश टीबड़ा, ललित टीबड़ा, राजेंद्र मित्तल पिलानी उपस्थित थे।

डूण्डलोद के आरपीइसी ग्राउण्ड में अन्तरराष्ट्रीय घुडदौड प्रतियोगिता का समापन

माई झुं.न्यूज। भारतीय अश्व संस्था व राजस्थान घुडसवारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में डूण्डलोद के आरपीइसी ग्राउण्ड में चल रहे छह दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय घुडदौड प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ।

इस मौके पर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री राजेन्द्र गुढा ने कहा कि हमारे पूर्वजों के वफादार मारवाड़ी घोड़ों का हम पर ऋण है। हम इनके ऋण को इन्हें (मारवाड़ी घोड़ों) अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाकर ही उतार सकते हैं। घोड़ों की इस कौम का अस्तित्व संकट में था तथा इसे पहचान की आवश्यकता थी। इनको बचाने व पहचान दिलाने के लिए कुंवर रघुवेन्द्रसिंह डूण्डलोद के प्रयास सराहनीय है। भारतीय अश्व संस्था के सचिव कुंवर रघुवेन्द्रसिंह ने कहा कि मारवाड़ी घोड़ों ने ८१ किमी की अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी शक्ति का परिचय देकर कौम को गौरवान्वित किया है। उन्होंने छह दिवसीय प्रतियोगिता की गतिविधियां तथा अन्य जानकारी दी। अतिथियों ने प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को ट्रापी प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम से पूर्व सभी टीमों ने सचिव कुंवर रघुवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में घोड़ों पर मार्च पास्ट कर सलामी दी। प्रतियोगिता में कर्नल वीके भटनागर, कर्नल सर प्रतापसिंह, लेफ्टीनेट कर्नल एके यादव, सोहनसिंह राठौड, कर्नल एसएस सौलंकी, राजेश यादव, राकेश मिश्रा, योगेश शर्मा, राजेन्द्र यादव, उदयप्रतापसिंह, प्रमोद यादव, चक्रवर्तीसिंह बीका, फीलिपा वाटर फिल्ड, के तिवारी, अम्बेर किनोवल्स, जोगेन्दरपाल सिंह तथा कमलबीरसिंह को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. राजेश यादव ने किया। समापन कार्यक्रम में वनस्थली विद्यापीठ की बालिकाओं ने शो जम्पिंग में शानदार प्रदर्शन किया। सवार की एकाग्रता व घोड़ों की फुर्ती ने एक के बाद एक सभी आठों जम्पिंग को शानदार तरीके से पार कर दिया। इस दौरान एक दो सवार घोड़ों से गिर भी गई थी, लेकिन इन्होंने फटाफट उठकर फिर से घोड़े की लगाम थाम ली और बाधाओं को पार किया।

जरूरतमंदों को स्वेटर वितरित किये

माई झुं. 6 दिसम्बर: महावीर इंटरनेशनल झुंझुनूं के तत्वावधान में वीर बिहारीलाल सैनी के आर्थिक सहयोग से पाटौदा ग्राम की राजकीय माध्यमिक विद्यालय में जरूरतमंद छात्र/छात्राओं को स्कूल ड्रेस वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पी.एल. शर्मा ने की व मुख्य अतिथि चुड़ैला ग्राम के ग्रामीण बैंक प्रबंधक राजकुमार शर्मा थे। सचिव गोविन्द कुमावत ने संख्या के कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर वीर विनोद सोलंकी, सुरेश, वीर बिहारीलाल सैनी, सुभाष, सेवदा बीरबल, मेघराज, विधाधर, रतनलाल एवं ग्राम के गणमान्य जन उपस्थित थे।

विश्व विकलांग दिवस पर प्रतिभाओं का सम्मान

माई झुं. 3 दिसम्बर : जिला मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक में गुरूवार को राजस्थान विकलांग सेवा संस्थान द्वारा विश्व विकलांग दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी देवेन्द्र कुमार थे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद के सभापति खालिद हुसैन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुबेदार बिजेन्द्र कुमार महावीर चक्र विजेता कारगिल युद्ध, लायन्स क्लब के अध्यक्ष कैलाश सिंघानिया, महावीर इण्टरनेशनल अध्यक्ष पी.एल. शर्मा, मो. अली खोखर, वीरेन्द्र डारा, पवन पुजारी थे।

इस अवसर पर संस्थान द्वारा जरूरतमंद विकलांगों को 10 सिलाई मशीन, 3 ट्राई साइकिल, एक व्हील चैयर, एक हारमोनियम, 150 शॉल जेन्टस, 50 महिला शॉल, 50 जोड़ी जुते, 100 जोड़ी जुराब, 20 जोड़ी पेन्ट-शर्ट अतिथियों के कर कमलों द्वारा बांटे गये। इस अवसर पर झुंझुनूं शहर की विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया। जिनमें युवा सामाजिक कार्यकर्ता उमर कुरैशी, रोहिताश सैन पत्रकार सहित बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाली छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। जिसमें प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह दिये गये। इस अवसर पर जिलेभर से विकलांग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में कालूराम खींची, पार्षद खुर्शीद, महमूद चेजारा, कुदरत भाटी, फारूक, आलादीन, हाकम अली काजी, इशाक भाटी, प्रमोद तुलस्यान, कैलाश टैलर उपस्थित थे। इस आयोजन में राजस्थान विकलांग सेवा संस्थान के प्रदेश महामंत्री हरचन्द महला ने संचालन करते हुए सभी आगन्तूकों का आभार व्यक्त किया।

विश्व एडस दिवस मनाया

माई झुं. 3 दिसम्बर: स्थानीय न्यू राजस्थान बालिका पी.जी. महाविद्यालय की एनएसएस इकाई प्रथम व द्वितीय के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एडस दिवस मनाया गया। प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं ने गोद लिए गांवों में जाकर ग्रामीण महिलाओं को एडस की जानकारी के साथ-साथ इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी। स्वयंसेविकाओं ने महिलाओं को बताया कि इस रोग से बचने के लिए स्वयं संयमित रहे व बचाव के उपायों को अपनाये। द्वितीय सत्र में एडस दिवस पर एक विचार गोष्ठि का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता करते हुए इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने बताया कि मनुष्य जीवन अनमोल है अत: एडस या अन्य भयानक बिमारियों से स्वयं को बचाये व दूसरों को बचाने के उपाय बताये। प्राचार्य डॉ. डी.पी. वर्मा ने गोष्ठि को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत में इस वर्ष 19 लाख नये रोगी चिन्हित किये गये हैं। अफ्रीकन मूलकों में एक करोड़ बीस लाख बच्चे अनाथ हो गये हैं और औसत आयु वहां केवल 36 रह गई है।

तृतीय सत्र में एडस समाज के लिए अभिशाप विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कार्यक्रम प्रभारी प्रो. चन्द्रकांत शर्मा व प्रो. रीना पूनियां द्वारा कराया गया। प्रतियोगिता में पूनम, संगीता व मीनाक्षी क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय रही। कार्यक्रम के सम्पन्न होने पर संस्थान अध्यक्ष श्रीमती विनोद ढूकिया ने सभी को धन्यवाद दिया।

खेमी शक्ति मंदिर प्रांगण में पिलाई स्वाइन फ्लू की दवा

माई झुं. 30 नवम्बर। स्थानीय खेमी शक्ति मंदिर प्रांगण में सोमवार को प्रात: आठ बजे से मंदिर ट्रस्ट की और से नि:शुल्क स्वाइन फ्लू की दवा का वितरण किया गया। इस दवा का दो हजार नागरिकों ने सेवन किया। जानकारी देते हुए ट्रस्ट सदस्य विश्वनाथ टीबड़ा, श्यामसुन्दर टीबड़ा, किशोरीलाल टीबड़ा ने बताया कि जिले में ही नहीं शेखावाटी में इस बढ़ती खतरनाक बिमारी का ध्यान रखते हुए आमजनता के स्वास्थ्य सुधार को लेकर ट्रस्ट ने यह बिड़ा उठाया है। स्वाइन फ्लू की दवा पिने से इसके किटाणू नष्ट हो जाते है। मामूली रूप से पीडित रोगी को इस बिमारी से निजात मिलती है। इसके पिने से यह बिमारी होने की सभावना खत्म हो जाती है।

महावीर इंटरनेशनल झुंझुनूं द्वारा गरीबों को रजाईयां बांटी

फोटो : रामनिवास सोनी

माई झुं., 25 दिसम्बर। महावीर इंटरनेशनल झुंझुनूं द्वारा दीन हीन विकलांगों एवं एडस पीड़ित रोगियों जरूरतमंदों को सर्दी ठण्ड से बचने के लिए रजाईयों का वितरण स्थानीय केशव आदर्श विद्या मंदिर स्कूल प्रांगण में किया गया। संस्था द्वारा साल भर पीड़ित मानवता की सेवा कर पुण्य का काम कर ीह है। इसके लिए संस्था धन्यवाद का पात्र हैं। सामाजिक एकता भईचारे सदभाव के लिए सदभावना कार्यक्रम शहर एवं गांवों में विभिन रोगों को दूर करने के लिए चिकित्सा कैम्प लगाती है रजाई वितरण कार्यक्रम में मो. अली खोखर, सचिव गोविन्द कुमावत, संयोजक कालूराम खींची, विकलांग सेवा के हरचन्द महला, विनोद सोलंकी, एडस सोसायटी के सुरेश खन्ना, गातेश टीबड़ा, शिवप्रसाद महर्षी, देवेन्द्र खत्री, राजेन्द्र कुमावत, संजय शर्मा, फारूक अलादीन, ईशाक भाटी, सहित क्लब के सदस्य उपस्थित थे।

ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का फायदा मिले - डॉ. राजबाला

माई झुं 21 दिस. जिला प्रमुख डॉ राजबाला ओला ने कहा है कि ग्रामीणों को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का पूरा फायदा मिलना चाहिए। वे सोमवार दोपहर जिला परिषद सभागार में जिला स्वास्थ्य मिद्यान की बैठक में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि बेहतर चिकित्सा सेवा के लिए सही सिस्टम डवलप किया जाए। गांवों में बनाए गए चिकित्सा संस्थानों में विद्योषज्ञ चिकित्सक तथा आवद्यक साधन उपलब्ध कराए जाने चाहिए। जिला प्रमुख ने कहा कि गरीब को दी जाने वाली योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार होना चाहिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरबी सिंह ने जिले में मिल रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी दी। डिप्टी सीएमएचओ-हैल्थ डॉ पीएस दूनड ने स्लाइड द्यो के माध्यम से एक-एक योजना के बारे में बताया। बैठक में डिप्टी सीएमएचओ डॉ विद्यासागर, आरसीएचओ डॉ सीताराम द्यर्मा, बीडीके अस्पताल के पीएमओ डॉ एचपी द्यर्मा, जनाना इंचार्ज डॉ सरजू, आईसीडीएस के ओपी मीणा, जिला आयुर्वेद अधिकारी अमरसिंह मेहता, एनआरएचएम के डीपीएम विक्रम सिंह आदि मौजूद थे।

संकट मोचन बालाजी मंदिर में रामायण पाठ

माई झुं. 30 नव। श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर में 21 वें अखण्ड रामायण पाठ की शुरूआत सोमवार को की गयी। कार्यक्रम संयोजक शिम्भुदयाल ने बताया कि बालाजी मंदिर में तिलकदास महाराज एवं राघवदास महाराज के सानिध्य में चल रहे 108 पाठ के आयोजन में एडवोकेट शम्भुदयाल शर्मा, प्रमोद महमियां, हर्षवर्धन ढंड व चन्द्रशेखर शर्मा आदि ने पाठ में सेवाएं प्रदान की।

जय गोपालन व जय पंचगव्य पुस्तकों का विमोचन

माई झुं. न्यूज। आदर्श विद्या मन्दिर बालिका विद्यालय में जय गोपालन व जय पंचगव्य पुस्तकों के विमोचन के अवसर पर व्यक्त किएफतेहपुर शेखावाटी के बुद्धगिरि आश्रम के महंत दिनेशगिरि महाराज ने कहा कि वर्तमान में प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है। इसके संतुलन के लिए गो रक्षा जरूरी है।

गो ग्राम यात्रा के जिला संयोजक रामानन्द पाठक ने बताया के जिले में उपयात्राओं में अपार समर्थन मिला। यात्रा के साथ ही चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान में भी लोगों ने गो-रक्षा का संकल्प लिया। स्वयं सेवक संघ के सीकर विभाग सह संयोजक कैलाश शर्मा ने विश्व मंगल गो ग्राम यात्रा के कार्यक्रम पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि मुख्य गो ग्राम यात्रा १०८ दिन तक चलेगी। यह कुरूक्षेत्र से शुरू हुई और १७ जनवरी २०१० को नागपुर में सम्पूर्ण होगी। इससे पूर्व ३१ जनवरी २०१० को दिल्ली में संत सम्मेलन होगा। इसके बाद सभी संत बैलगाडियों में राष्ट्रपति भवन में जाकर ६० करोड़ हस्ताक्षरों के साथ गाय को राष्ट्रीय प्राणी घोषित करने ,गो हत्या बंद करने, गो संरक्षण के लिए राष्ट्रीय योजना बनाने सहित गो संरक्षण की विभिन्न मांगों का ज्ञापन देंगे। इस दौरान संघ के जिला प्रचारक पंकज कुमार व डा. दयाशंकर बावलिया ने भी विचार व्यक्त किए।

इस मौके पर सहसंयोजक सतीश मिश्रा छापौली, संयोजक बजरंग लाल सोनी, नगर संयोजक बनवारीलाल मीणा, दशरथसिंह राव, मोहनसिंह शेखावत, गोवर्धनसिंह चिराणा, अरूण जोशी आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों, प्रधान व सरपंचों की लॉटरी निकाली

माई झुं.न्यूज। कलक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों, प्रधान व सरपंचों की लॉटरी निकाली गई। सर्वप्रथम आठों पंचायत समितियों के प्रधानों का आरक्षण किया गया।

इसके बाद जिला परिषद के ३५ वार्डों में से एससी के छह वार्डों में तीन महिला व ओबीसी के सात वार्डों में तीन वार्ड महिला के लिए आरक्षित किए गए। जिला कलक्टर ने बताया कि शुक्रवार को चिडावा, सूरजगढ, बुहाना व खेतडी पंचायत समितियों के सरपंच एवं पंचों के आरक्षण की लॉटरी निकाली गई।

शेष रही उदयपुरवाटी, नवलगढ, अलसीसर व झुंझुनूं पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों के सरपंच व वार्ड पंचों की लॉटरी शनिवार निकाली गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में यह लॉटरी निकाली गई। जिसमें पर्यटन राज्य मंत्री राजेंद्रसिंह गुढा, पिलानी विधायक सुंदरलाल, सूरजगढ विधायक श्रवणकुमार, एडीएम केएल मीणा, खेतड़ी एसडीएम डॉ. भागचंद बधाल, चिड़ावा एसडीएम नारायणसिंह शेषमां, एसडीएम झुंझुनूं एनके कोठारी, तहसीलदार चिडावा इंद्राजसिंह, तहसीलदार बुहाना साधुराम, तहसीलदार खेतडी रामनिवास यादव आदि ने भाग लिया। लॉटरी निकालने में चुनाव शाखा के राकेश पूनियां व मुरारी वर्मा ने सहयोग किया।

बुगाला धाम में बावलिया बाबा का जन्मोत्सव मनाया

माई झुं.न्यूज। परमहंस पंडित गणेशनारायण बावलिया बाबा की जन्मस्थली बुगाला धाम में गुरूवार को बावलिया बाबा का जन्मोत्सव मनाया गया। परमहंस पंडित गणेशनारायण बावलिया बाबा की जन्मस्थली पैतृक हवेली व बाबा के मंदिर की विशेष सजावट की गई। मंदिर पुजारी प्रभुशरण महाराज के सानिध्य में सुबह सवा ग्यारह बजे बाबा की हवेली में गणेश चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद बाबा की महाआरती व प्रसाद वितरण हुआ। गणेश चालीसा पाठ व महाआरती में रामजीलाल शर्मा, विक्रमसिंह पोद्दार जाखल, अम्मीलाल, चन्द्रशेखर वर्मा, दयाराम व संत चुन्नीलाल आदि काफी लोग उपस्थित थे।

झुंझुनूं इंटरनेशनल में क्रिसमस

माई झु.24 दिस.। जीवेम समूह के मोदी रोड़ स्थित झुंझुनूं इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों ने क्रिसमस का त्यौहार उमंग व हर्षोल्लास के साथ मनाया। चारो तरफ उपहारों से लदे क्रिसमस ट्रीज व सांताक्लॉज ने बच्चों की खुशी दुगुनी कर दी। सुन्दर ढंग से सजी हुई कक्षा को प्राधानाचार्या सुनिता मिश्रा ने पुरस्कृत किया। जीवेम समूह के चेयरमेन दिलीप मोदी एवं प्रबंध निदेशिका श्रीमती नीरजा मोदी ने सभी को क्रिसमस की बधाई दी।

खाटूश्यामजी में ब्राह्मण युवा सम्मेलन व सम्मान समारोह आयोजित

माई झुं.न्यूज। खाटूश्यामजी में रविवार को आयोजित ब्राहमण युवा सम्मेलन व सम्मान समारोह में ब्राहमण समाज के काफी लोगों ने जुटकर एकता का परिचय दिया। राजस्थान ब्राहमण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व विधायक भंवरलाल शर्मा ने कहा कि समय की मांग है कि ब्राहमण एकजुट हो।

समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, आवश्यकता है उन्हें तराशने की। नवलगढ विधायक राजकुमार शर्मा ने कहा कि ब्राह्मणों ने सदैव राष्ट्र को नई दिशा दी है। समाज में एकजुटता से ही सफलता संभव है। उन्होंने कहा कि वे समाज के लिए हर संभव सहयोग में आगे ही रहेंगे। राजस्थान ब्राहमण महासभा (युवा प्रकोष्ठ) के प्रदेशाध्यक्ष ललित मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र में अपने अस्तित्व के लिए संख्याबल दिखाना होगा। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा व सुरेश वशिष्ठ ,पाराशर समाज के नेता सुभाष पाराशर, पूर्व जिला प्रमुख दामोदरप्रसाद शर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष दिनेश जोशी, श्यामसुंदर वशिष्ठ, अर्पणा शर्मा व पवन पुजारी ने भी विचार प्रकट किए।

समस तालाब स्थित भर्तृहरि मन्दिर परिसर में शौर्य दिवस मनाया

माई झुं.न्यूज। शिव सेना और विश्व हिन्दू परिषद झुंझुनूं जिला शाखा की ओर से रविवार को समस तालाब स्थित भर्तृहरि मन्दिर परिसर में शौर्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में शिवसेना जिला प्रमुख शंकरलाल शर्मा, विश्व हिन्दू परिषद के संभाग विभाग प्रमुख विजय भारती, शिवसेना जिला उप प्रमुख जयराज जांगिड़, कार्यालय प्रमुख प्रवीण स्वामी, संजीव बुगालिया व अन्य वक्ताओं ने अयोध्या में विवादित ढांचे को ढहाए जाने की १७ वीं बरसी पर विचार व्यक्त किए। कोतवाल हरजिन्दरसिंह एवं तहसीलदार महेन्द्र मीणा ने मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल के आसपास एहतियात के तौर पर पुलिस जाब्ता तैनात किया गया था।

दुर्गादेवी सराफ सम्मान पुरस्कार के संस्थापक व उद्योगपति महावीरप्रसाद घ. सराफ ने मुम्बई शेरीफ डॉ. (श्रीमती) इंदू शाहानी को 'दुर्गादेवी सराफ सम्मान पुरस्कार' से सम्मानित कर स्मृति चिन्ह, शाल, श्रीफल व नगद राशि प्रदान की। यह पुरस्कार सराफ ने अपनी पूज्य माताजी की स्मृति में सन् 1993 में स्थापित किया है। कार्यक्रम का आयोजन इंडियन मर्चेन्ट चेम्बर, चर्चगेट में सम्पन्न हुआ।

एस. एस. मोदी के बच्चों ने देखा अग्निशमन का प्रदर्शन

माई झु.11 दिस.। एस.एस. मोदी स्कूल के प्रांगण में स्कूल निदेशक श्रीमती अनिता बंसल के नेतृत्व में नगर परिषद के कर्मचारियों ने अग्नि शमन यंत्र का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कैम्ब्रिज स्कूल प्राचार्या स्नेहलता शेखावत, विद्याविहार प्राचार्या रश्मि शेखावत की उपस्थित में स्कूल के बच्चों ने यंत्र का प्रदर्शन देखते हुए आवश्यक जानकारी हासिल की। अन्त में निदेशक अनिता बंसत ने धन्यवाद आभार प्रकट किया।

सीएलजी सदस्यों की बैठक सम्पन्न

माई झु.23 दिस.। सीएलजी सदस्यों की शांति समिति की बैठक सूचना केन्द्र सभागार में जिला कलेक्टर आलोक गुप्ता, एस.पी. अजय लाम्बा, एवं नगर परिषद सभापति खालिद हुसैन की उपस्थिति में सम्पन्न हुई जिसमें मोहर्रम को लेकर आवश्यक शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा असामाजिक तत्वों पर नजर रखे जाने की आवश्यक चर्चा की गई।

एस. एस. मोदी टी. टी. कॉलेज का रिजल्ट शानदार

माई झु.न्यूज। स्थानीय एस. एस. मोदी टी. टी. कॉलेज का प्रथम सत्र का रिजल्ट शानदार रहा। महाविद्यालय में प्रथम श्रेणी से ९० विद्यार्थी रहे एवं बाकी छात्र द्वितीय श्रेणी रहे। ७० प्रतिषत से ऊपर ३९ एवं ६० प्रतिषत से उपर ५१ है। छात्राध्यापिका ज्योति शर्मा एवं गौतम जोषी महाविद्यालय में प्रथम स्थान पर, एवं विनिता जिनोलिया द्वितीय एवं अभिलाषा चाहर तृतीय स्थान एवं उर्मिला पुत्री मोहरसिंह चतुर्थ स्थान पर रहे। इस प्रथम सत्र की उपलब्धि पर सचिव चन्द्रकांत मोदी एवं निदेषक अनिता बसंल ने बच्चों को मिठाई खिलाई एवं कॉलेज प्रभारी श्रीकांत सारस्वत एवं व्याख्याता कैलाष बालान, नीलम, बिन्दु भारद्वाज, प्रवीण जाखड़, प्रभुदयाल कुमावत, सुश्री श्रीमयी को बधाईया दी।

एस.एस. मोदी कैम्ब्रिज में कठपुतली शो

माई झुं.12 दिस.। एस.एस. मोदी कैम्ब्रिज स्कूल में कठपुतली के माध्यम से कहानी एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा 1 से 10 तक के बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। अन्त में प्रायार्या स्नेहलता शेखावत ने निर्णायकों द्वारा घोषित कक्षा 7 को विजेता के रूप में पुरस्कार देते हुए सभी का धन्यवाद दिया।

माई झुंझुनूं डॉट कॉम समाचार पत्र नेट पर देखें

www.myjhunjhunu.com/newspaper

1. मासिक समाचार पत्र का रंगीन संस्करण नेट पर उपलब्ध है।
2. आप अब तक के 18 तथा चालू माह सहित 19 अंक नेट पर देख सकते हैं।
3. मुद्रित समाचार पत्र के आपके पास पहुंचने से पहले ही वैब पर उपलब्धता
4. वांछित अंक को आप Save करके बाद में भी देख सकते हैं।

THINK JHUNJHUNU THINK MY JHUNJHUNU